# बिहार सरकार
# आपदा प्रबंधन विभाग

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 26.04.2025
समय : 06:00 बजे अपराह्न

बिहार मौसम सेवा केन्द्र के द्वारा दिनांक 26 अप्रैल 2025 के दौरान वर्तमान में प्रदेश के अधिकांश भागों में उष्ण लहर (लू) एवं उष्ण दिवस की स्थिति बनी हुई है। नवीनतम मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 26 अप्रैल के रात से प्रदेश के मौसम में परिवर्तन होने की संभावना है।

बिहार मौसम सेवा केन्द्र से तापमान चार्ट के अनुसार अधिकतम तापमान अरवल, औरंगाबाद, बक्सर जहानाबाद, कैमूर, रोहतास, गया, नालंदा, नवादा, पटना, शेखपुरा एवं जमुई जिलों में 45डिग्री0 से अधिक तापमान दर्ज किया गया है।

राज्य में सर्वाधिक अधिकतम तापमान दर्ज करने वाले शीर्ष 5 केन्द्रों का विवरण नीचे दिया गया है:

| क्र. सं. | जिला | प्रखंड | अधि. ताप (°C) |
|---|---|---|---|
| 1 | औरंगाबाद | कुटुंबा | 46.1 |
| 2 | औरंगाबाद | बारुण | 46.0 |
| 3 | अरवल | अरवल | 45.8 |
| 4 | पटना | सम्पतचक | 45.7 |
| 5 | गया | इमामगंज | 45.6 |

| तापमान (°C) | <40 | 40-42 | 42-45 | >=45 |
|---|---|---|---|---|
| | | ऊष्ण दिवस | ऊष्ण लहर | भीषण ऊष्ण लहर |

आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा इस दौरान राज्य के निवासियों को सचेत रहने एवं आवश्यक एहतियातिक कदम उठाने के लिए सोशल मिडिया एवं अर्लट मैसेज दिया गया है।

गर्मी को देखते हुए आमजनों के लिए चौक चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था की जा रही है। जल की समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के द्वारा भी टैंकर के माध्यम से उचित प्रबंधन किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रों पर लू से संबंधित मानवदवा एवं बार्ड की व्यवस्था की गई है। नगर विकास एवं आवास विभाग के द्वारा भीषण गर्मी से बचाव हेतु अस्थाई आश्रय स्थल का निर्माण किया गया है।

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के द्वारा पशुओं के लिए पशुदवा एवं पशुओं के पेयजल के लिए नाद की व्यवस्था की गई है।

**किसी भी आपदा की स्थिति में आपदा प्रबंधन के हेल्पलाइन नम्बर :0612–2294204 व टोल फ्री नम्बर : 1070 पर तत्काल सम्पर्क किया जा सकता है।**